**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**13.05.2025 / प्रादेशिक समाचार / 9:20बजे**

## रात्रि प्रधानमंत्री संबोधन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर को अभी अस्थायी रूप से स्थगित किया गया है और आने वाले दिनों में हम पाकिस्तान के हरकदम को इस कसौटी पर मापेंगे कि आतंकवाद को लेकर वो क्या रवैया अपनाता है। कल शाम वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए राष्ट्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर शुरू होने के बाद पहले तीन दिनों में ही भारत ने पाकिस्तान को इतना तबाह कर दिया जिसका उसे अंदाजा भी नहीं था। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की इस आक्रामक कार्रवाई के बाद पाकिस्तान बचने के रास्ते खोजने लगा और दुनिया भर में तनाव कम करने की गुहार लगा रहा था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक नाम नहीं है ये देश के कोटि–कोटि लोगों की भावनाओं का प्रतिबिंब है। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर को न्याय की अखंड प्रतिज्ञा बताया।

## उड़ानें

एयर इंडिया ने यात्रियों की सुरक्षा के मद्देनज़र जम्मू, लेह, जोधपुर, अमृतसर, भुज, जामनगर, चंडीगढ़ और राजकोट से प्रस्थान और आगमन करने वाली उड़ान सेवाएं आज के लिए रद्द कर दी हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में एयर इंडिया ने कहा कि स्थिति की निगरानी की जा रही है और इसके बारे में यात्रियों को तुरंत सूचित किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए यात्री एयरलाइन से संपर्क कर सकते हैं और वेबसाइट देख सकते हैं।

## भाजपा– तिरंगा यात्रा

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद भारतीय जनता पार्टी आज से देशभर में 11 दिवसीय तिरंगा यात्रा निकालेगी। इस दौरान केंद्र सरकार के दृढ़ नेतृत्व और सशस्त्र बलों के पराक्रम के बारे में लोगों को बताया जाएगा। 23 मई तक चलने वाली इस यात्रा में समाज के प्रमुख सदस्य, पूर्व सैनिक और सामाजिक कार्यकर्ता भी शामिल होंगे।

## अग्निहोत्री

उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने ऑपरेशन सिंदूर में हरोली विधानसभा क्षेत्र के घायल दो वीर जवानों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। उन्होंने कहा कि सिख रेजीमेंट में तैनात छेत्रा गांव के गुरनाम सिंह और बीएसएफ में तैनात बाथू गांव के ब्यास देव ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान की गोलीबारी में घायल हुए हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि दोनों जवानों की हर प्रकार की मदद प्रदेश सरकार और प्रशासन की ओर से की जाएगी।

## कृषि

राज्य सरकार किसानों को सस्ती दरों पर बिजली उपलब्ध करवाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। सरकार के एक प्रवक्ता ने बतासया कि किसानों को केवल एक रुपये प्रति यूनिट की दर से बिजली उपलब्ध करवाई जाएगी। इसके लिए राज्य सरकार प्रति यूनिट चार दशमलव शून्य चार रुपये की सब्सिडी वहन करेगी, जिसकी अधिसूचना जारी कर दी गई है।

## सड़क बहाल

सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण मनाली–लेह राष्ट्रीय राजमार्ग को सड़क सीमा संगठन ने कड़ी मशक्कत के बाद यातायात के लिए बहाल कर दिया है। गौरतलब है कि हिमपात के चलते इस मार्ग पर दिसंबर माह से वाहनों की आवाजाही बंद थी। मनाली–लेह मार्ग बहाल होने से लेह लद्दाख सीमा पर सेना की पहुंच आसान होगी।

## अब सुर्खियां समाचार पत्रों से......

आज अखबारों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला की सुर्खी है **हिमाचल में हवाई उड़ानें बहाल, जम्मू–पंजाब के लिए बसें शुरू।** दैनिक जागरण का शीर्षक है **हिमाचल के हवाई अड्डों पर आज से होंगी उड़ानें।**

पंजाब केसरी बकौल अनुराग सिंह ठाकुर लिखता है **सेना ने पाकिस्तान को सबक सिखाया।**

**जीएसटी को हिमाचल से नुकसान, भरपाई करे वित्त आयोग** शीर्षक से दिव्य हिमाचल ने मुख्यमंत्री के बयान को प्रमुखता दी है।

मौसम पर दैनिक भास्कर की सुर्खी है **बारिश से अधिकतम पारा तीन डिग्री तक गिरा, 17 तक बर्फबारी व बारिश के आसार।**